संख्या-29/2018/क0नि0-4-792/11-2018-300(11)/2009

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 06 जुलाई, 2018**

विषयः- वाणिज्य कर विभाग में आनलाइन सेवा के संचालन हेतु क्लाउड सर्विसेज़ पर वित्तीय वर्ष 2018-19 में होने वाले व्यय के भुगतान हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-आई0टी0 हार्डवेयर क्लाउड-(2018-2019)/348/वाणिज्य कर, दिनाँक 19 जून, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाणिज्य कर विभाग में ऑनलाइन सेवा के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष-2018-19 में, माह मार्च, 2018 के बिल की धनराशि रूपया-12,66,458/-के आधार पर 12 माह (मार्च, 2018 से फरवरी, 2019 तक) की अवधि हेतु सर्वश्री यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ से माइक्रोसाफ्ट टेक्नोलाजी आधारित क्लाउड सर्विस हायर किये जाने हेतु मासिक बिल के आधार पर धनराशि रूपया-01.52 करोड़ (रुपया एक करोड़ बावन लाख मात्र) का भुगतान सर्वश्री यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को किये जाने हेतु व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति श्री राज्यपाल उ0प्र0 सहर्ष प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष-2018-19 के आय व्ययक की अनुदान संख्या-89 के लेखाशीर्षक-2040-बिक्री व्यापार आदि पर कर-800-अन्य व्यय-09-जी0एस0टी0एन0 से सम्बन्धित व्यय-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर क्रय के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

संख्या-29/2018/क0नि0-4-792(1)/11-2018, तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
2. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. एडी0 कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6. गार्ड फाइल/समीक्षा अधिकारी (बजट)।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in